श्री राधा मोहन सिंह : महोदय, मैं फिर बतला रहा हूं कि CACP की, जो मूल्य लागत आयोग है, वह दाम तय करती है। हमने राज्य सरकारों से बात की, जिस कमेटी की हमने बात की कि कमेटी बनाई और राज्यों को पत्र दिया है कि कैसे यह व्यवस्था हो जिसका समर्थन मूल्य है, सब की खरीदारी हो सके। इस संबंध में राज्यों के साथ भी हमारी बात चल रही है, नीति आयोग के साथ बात चल रही है और दो दिनों की कार्यशाला, देश के तमाम कृषि अधिकारियों और जो बाकी stakeholders हैं, उनके साथ बैठकर हम करने वाले हैं।

(समाप्त)

प्रश्न संख्या 201

श्री बसावाराज पाटिल : माननीय सभापति जी, सरकार ने इस साल 2017-18 के लिए लगभग 1 लाख 36 हजार 901 करोड़ रुपए माल खरीद तथा वितरण व्यवस्था में खर्च किया है। सरकार लगभग कितना माल हर साल खरीदती है और खरीदा हुआ जो माल है, वह वितरण प्रणाली में कितना जाता है और ओपन मार्केट में कितना जाता है, कृपया यह माननीय मंत्री जी बताने की कृपा करें।

(1U/SC पर आगे)

SC-KR/12.35/1U

श्री सी.आर.चौधरी : सभापति महोदय, माननीय सदस्य ने जो जानना चाहा है, मैं आपके मार्फत बताना चाहूंगा कि जो rice का हमारा सालाना प्रोडक्शन है, that is around 1,000 lakh metric tones. जो प्रोडक्शन है, उसका करीब-करीब one-third हम procure करते हैं। इसके सालाना figures दिए जा चुके हैं, मैं आपको और डिटेल में बता दूंगा। उसका one-third के करीब हम procure करते हैं। इसमें से rice का अधिकतर भाग public distribution के मार्फत जाता है। सारे देश के अंदर सालाना 500 लाख टन के करीब public distribution से गेहूं और चावल जा रहा है। सर, गेहूं का on an average 975-980 लाख टन के करीब हमारा प्रोडक्शन है और इसका भी one-third procure होता है। अभी last year, 2016-17 के अंदर हमने 308 लाख टन गेहूं procure किया था। Open market में गेहूं ज्यादा जाता है, सालाना open market में

Q.NO. 201 (CONTD.)

55 से 60 लाख टन के करीब गेहूं Open Market Sale Scheme, OMSS के ज़रिए जाता है।

श्री बसावाराज पाटिल : सर, यह जो माल सरकारी वितरण प्रणाली में जाता है, उसके लिए सरकार को कितना पैसा देना पड़ता है?

श्री सी.आर चौधरी : मान्यवर, आपने प्रश्न ही यही पूछा था कि हमारी actual purchase cost और वितरण की cost क्या है। हमारा जो acquisition है, जो हम प्राप्त कर रहे हैं, उसमें MSP plus incidental charges होते हैं। जो मार्किट में economic price है, उसमें storing capacity and transportation charges और लगा देते हैं, that is our economic price. Sale price जो है - National Food Security Act 2013 के अंदर लाया गया था, तब जो कीमत रखी गयी थी, that was only for 3 years, 3 रुपए, 2 रुपए और 1 रुपया price रखा गया था, तीन रुपए किलो चावल, दो रुपए किलो गेहूं और एक रुपए किलो मोटा अनाज - मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को हृदय से धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने तीन साल के बाद लगातार सेम रेट रहा, किसी प्रकार से prices में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। जहां तक अंतर का प्रश्न है, इसमें कोई हानि नहीं है। आपने प्रश्न में इस बारे में पूछा है। That is a subsidy. We should call it as a subsidy. भारत सरकार हर साल सब्सिडी देती है। इस साल 1 लाख 36 हज़ार करोड़ रुपए की सब्सिडी रिलीज़ की गयी है। यह दो प्रकार से दी जाती है। इसमें

Q.NO. 201 (CONTD.)

decentralized procurement States करती हैं और FCI centralized procurement करता है।

(समाप्त)

प्रश्न संख्या 202

MR. CHAIRMAN: Q. No. 202, Shri R. Vaithilingam, absent. Any supplementary. Shri Harivanshji.

श्री आनंद भास्कर रापोलू : सर..(व्यवधान)..

श्री सभापति : देखिए, अगर एक ही सदस्य को दो-तीन प्रश्नों में मैं सप्लीमेंटरी सवाल पूछने का मौका दूंगा तो बाकी सदस्यों का क्या होगा? कृपया इस बात का ध्यान रखिए।

श्री हरिवंश : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि future में environment की दृष्टि से कोयले की जगह एनर्जी के रूप में नयी चीज़ों के प्रयोग की बात हो रही है। उस संदर्भ में क्या आपकी कोई योजना है?

श्री पीयूष गोयल : सर, जलवायु में लगातार कैसे परिवर्तन हो रहे हैं, उसके ऊपर देश और विदेश में सबको बहुत चिंता है, लेकिन देश में सस्ता बिजली उत्पादन होता रहे, उसके लिए कोयले की जरूरत है और आगे भी रहेगी। इसके साथ ही साथ सरकार यह कोशिश कर रही है कि कोयले के इस्तेमाल को हम gasification में कैसे यूज़ करें, methane बनाने में कैसे यूज़ करें। Coal to gas कन्वर्ट करने में कोयले का भी इस्तेमाल हो जाएगा और जो गैस हमें विदेश से लानी पड़ती है, उस पर खर्च होने वाला foreign exchange भी बचेगा तथा साथ ही साथ एक clean source of energy बनेगा। विश्व में आज climate change और terrorism, इन दो बड़ी समस्याओं की चर्चा बार-बार होती है। माननीय प्रधान मंत्री की लगातार यह चिंता रहती है कि climate change में कैसे कोयले का इस्तेमाल करने के साथ-साथ हम environment के concern को भी

Q.NO. 202 (CONTD.)

पूरी तरह से ध्यान में रखें। सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक और चीज़ के बारे में बताना चाहूंगा कि कोयला इस्तेमाल करते समय जो कार्बन निकलता है, उसको capture करके किसी alternate यूज़ में डाला जाए, उसके लिए भी सरकार ने रिसर्च पर काफी बल दिया है। जब उस समस्या का हल निकल आएगा, carbon capture and utilization, मैं समझता हूं कि तब जलवायु परिवर्तन पर इसका बहुत अच्छा परिणाम निकलेगा।

(1डब्ल्यू-जीएस पर आगे)

GS-KS/1W/12.40

श्रीमती छाया वर्माः सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि क्या कोल इंडिया या उससे संबंधित कंपनियों में भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण हेतु कोई स्कीम है? क्या कोल ट्रांसपोर्टिंग में काम ठेके पर दिए जाते हैं?

श्री पीयूष गोयल : सभापति महोदय, हां, एक स्कीम कोल इंडिया की है जिसमें ट्रांसपोर्टेशन के काम में जो भी भूतपूर्व सैनिक हैं, उनको priority दी जाती है। उस स्कीम के तहत कई इलाकों में भूतपूर्व सैनिकों ने छोटे कोआपरेटिव्ज़ बनाये हैं, कुछ लोगों ने मिलकर ट्रांसपोर्टेशन का काम शुरू किया है।

(समाप्त)

प्रश्न संख्या 203

श्री राम कुमार कश्यप : सर, मंत्री महोदय ने मेरे प्रश्न का उत्तर बहुत ही संतोषजनक दिया है, इसलिए मैं पहला सप्लीमेंटरी प्रश्न पूछने जा रहा हूं। मंत्री जी, जैसा कि आपने प्रश्न के उत्तर में बताया है कि आज तक उच्चतम न्यायालय में 55,459, उच्च न्यायालयों में 34.27 लाख और देश के विभिन्न जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में 2.61 करोड़ मामले लंबित हैं। इन मामलों के निपटारे के लिए सरकार द्वारा कई कार्य नीतियां बनाई गई हैं। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इन लंबित मामलों के निपटारे के लिए जो कार्य नीतियां आपके द्वारा बनायी गयी हैं, उनके कारण पिछले तीन सालों में कितने मामले निपटाये गये हैं?

श्री रवि शंकर प्रसाद : सर, जैसा कि माननीय सदस्य को मालूम होगा कि नीतियां बना सकते हैं, सहयोग कर सकते हैं, लेकिन न्यायालय में मामलों का निष्पादन माननीय न्यायमूर्ति के ऊपर निर्भर करता है। वर्ष 1993-94 से लगभग छह हजार करोड़ रुपये सेंट्रल स्पॉन्सर्ड स्कीम में दिए गए और पिछले तीन साल में 2000 करोड़ से अधिक हमारी सरकार के दौरान दिए गए हैं। उनके लिए फ्लैट बन रहे हैं, मकान बन रहे हैं, कोर्ट हॉल बन रहे हैं। हमारी ओर से अधिक प्रयास यह हो रहा है कि 10 साल से पुराने मामले प्राथमिकता में निपटाये जायें। लोअर कोर्ट के बारे में, मैं आपको कह सकता हूं कि अभी जो आपको 2.61 करोड़ की संख्या सदन के अंदर दी गयी है, यह पहले जून में 2.80 करोड़ थी और अब यह घटकर 2.61 करोड़ हुई है। सुप्रीम कोर्ट में भी लंबित मामलों की संख्या कम हुई है।

Q.NO. 203 (CONTD.)

हमेशा इस देश में एक बात को ध्यान में रखना पड़ेगा कि कोर्ट में लोग केस फाइल भी करते हैं, तो कई जगह निष्पादन और नये केसों का अंकीकरण दोनों साथ-साथ चलता है, तो हमारा देश अब अपने अधिकारों के बारे में जागृत हो रहा है। यह एक सतत लड़ाई है।

माननीय सभापति जी, मैं आपको बताना चाहूंगा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने और प्रधान मंत्री जी ने आग्रह किया था कि क्या न्यायमूर्तिगण शनिवार के दिन कोर्ट कर सकते हैं, छुट्टियों में कोर्ट कर सकते हैं और सुप्रीम कोर्ट से लेकर पूरे देश में आज न्यायमूर्तिगण बैठ रहे हैं और मामलों को निपटा रहे हैं, तो हमारी कोशिश यह है कि हम इसको जल्द से जल्द आगे बढ़ायें।

श्री सभापतिः मंत्री जी, मेरे गांव में एक कहावत है। छोटा सा काम हो गया, उसको अल्प संतोषी कहते हैं। दो करोड़ से ज्यादा केसेज़ पेंडिंग हैं। अच्छा है...(व्यवधान)... आपने कहा...(व्यवधान)... यह सरकार, वह सरकार, लेकिन आप इसको पेलिटिकल मत करिए। बहुत दिन से केसेज़ पेंडिंग हैं। इसको गंभीरता से लेना चाहिए और सरकार इसको गंभीरता से ले रही है और सुप्रीम कोर्ट भी, जो main मामला है, जो issues pending हैं, उन पर ज्यादा ध्यान दे और नये विषयों के बारे में बाद में सोचे, तो अच्छा होगा।

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा : सभापति महोदय, माननीय मंत्री जी ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय और माननीय उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सैलेरी बढ़ाने का बिल लोक

Q.NO. 203 (CONTD.)

सभा से पास करा लिया है। यह अच्छी बात है कि आप उनकी ढाई गुना सैलेरी बढ़ा रहे हैं, लेकिन वे लोग तो अभी सोच रहे हैं कि वे शनिवार को कोर्ट में बैठें या न बैठें। जो लोअर कोट्र्स हैं, जहां पर दो करोड़ 17 लाख केसेज़ पेंडिंग हैं, जैसा कि अभी आपने अपने जवाब में भी कहा है, वे तो शुरू से ही शनिवार को कोर्ट चलाते हैं और वे शाम को 6.00 बजे या 7.00 बजे से पहले कभी कोर्ट छोड़ नहीं पाते हैं, क्योंकि उनके पास इतने ज्यादा केस लदे होते हैं, जिनके कारण वे निकल नहीं पाते हैं। आप उनकी फैसेलिटीज़ को क्यों नहीं बढ़ाते हैं? आप कोर्ट रूम्स को बढ़ा रहे हैं, यह अच्छी बात है, लेकिन आप पहले उनकी सैलेरी, उनकी अलाउंसेज़, उनकी फैसेलिटीज़ बढ़ाइए। आप थोड़ा लोअर कोट्र्स के न्यायाधीशों के बारे में ध्यान देंगे, तो हमारे ख्याल से Sunday को भी काम करने लगेंगे। अभी तो वे शनिवार को भी काम कर रहे हैं। ऐसा करने से केसों का डिस्पोज़ल और अच्छा हो सकता है।

श्री रवि शंकर प्रसाद : सर, माननीय सतीश मिश्रा जी सिर्फ एक अनुभवी सांसद ही नहीं, बल्कि बहुत ही अनुभवी और वरिष्ठ वकील भी हैं। आपको मालूम है कि जहां तक माननीय उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्तियों के वेतन के पुनरीक्षण का सवाल है, उसके लिए कानून है, The Supreme Court (Salaries and Conditions of Service) Act and The High Court (Salaries and Conditions of Service) Act. लेकिन जो subordinate judiciary है, उसके लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुपालन में एक जज का कमीशन बनता है। वह उनकी पूरी सैलेरी के

Q.NO. 203 (CONTD.)

पुनरीक्षण पर विचार करता है। जस्टिस रेड्डी का कमीशन बन गया है और उसने अपना काम शुरू कर दिया है। उसे हम पूरा सहयोग करेंगे। (HMS/1X पर जारी)

KS-HMS/1X/12.45

श्री रवि शंकर प्रसाद (क्रमागत) : आप की बात बहुत सही है कि जिला न्यायालयों के न्यायमूर्तियों का भी पूरा सम्मान होना चाहिए। इस के लिए हमारी पूरी कोशिश है और आपने देखा होगा कि हमने 16,000 कोर्ट्स से अधिक को "ई कोर्ट्स" किया है और National Commission Data Grid बनाया है। सर, मैं दो स्कीम्स के बारे जरूर कहना चाहूंगा। Tele-Law के अंतर्गत Common Service Centres के माध्यम से हम गांव के गरीबों को pre litigation advice दे रहे हैं। बिहार, यू0पी0 कश्मीर और नॉर्थ ईस्ट में यह शुरू किया है। ..(व्यवधान)..

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा : आप यह बताइए कि क्या उनकी salary और allowances के बारे में विचार कर रहे हैं?

श्री रवि शंकर प्रसाद : सर, मैंने अभी विस्तार से बताया कि रेड्डी कमीशन बन गया है, वह काम कर रहा है। मेरे ख्याल से माननीय मिश्रा जी इस बात को मानेंगे कि अगर सुप्रीम कोर्ट ने जजमेंट में उसके लिए एक mechanism बनाया है, तो सरकार अपने से अलग mechanism नहीं बना सकती। हम उसके तहत कार्यवाही कर रहे हैं।

SHRI RIPUN BORA: Sir, though there are more than two-crore cases pending in the lower courts as well as in the High Courts and Supreme

Q.NO. 203 (CONTD.)

Court, apart from the reasons of shortage of Judges and infrastructure, the other reason is slow disposal of cases. I would like to ask the hon. Minister if the Government could put in place a mechanism for the speedy disposal of cases. There are many small cases that are pending in courts for years. We should have cases heard regularly and frequently in *Lok Adalats* in the rural areas so that these cases could be disposed of.

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: Sir, the hon. Member is absolutely right. We are promoting alternative dispute resolution mechanism in a very effective manner. In the last three years, crores of cases have been disposed of by the *Lok Adalats*. We hold them frequently. We propose to do that in consultation with the High Court. We are taking other significant steps to dispose of traffic-related cases on a fast-track basis through alternative methods. We are working it out. All this would happen and cases pending in the lower and district courts would come down.

श्री नरेश अग्रवाल : माननीय कानून मंत्री जी, देश में इस समय करीब 2 करोड़ मुकदमे pending हैं और हम जानते हैं कि lower courts में भी हमारे पास जजेज़ की बहुत कमी है, हाई कोट्र्स और यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट में भी जजेज़ की कमी है।

Q.NO. 203 (CONTD.)

मंत्री जी, आपको इस बात की सूचना है कि पी0आई0एल0 और मुकदमों की तारीख - ये दो बहुत बड़ी वजह हैं क्योंकि जजों के ऊपर कोई restriction नहीं है कि वे किस मुकदमे में कितनी तारीख देते हैं। महोदय, पी0आई0एल0 सुनने में इतना समय लग जाता है कि बाकी मुकदमों के निपटारे के लिए समय ही नहीं बचता। आप इन दोनों provisions को कैसे routine में लाएंगे और क्या पी0आई0एल0 ban करने का आपका कोई इरादा है?

श्री सभापति : नहीं, यह लोकतंत्र में ठीक नहीं है।

श्री रवि शंकर प्रसाद : महोदय, माननीय नरेश अग्रवाल जी एक वरिष्ठ सांसद हैं, उन्हें यह अनुभव होगा कि हम न्यायालय की स्वायत्तता और आज़ादी का पूरा सम्मान करते हैं। यह न्यायालय का विषय है कि कौन केस कैसे फाइल होगा, लेकिन हम आपकी चिंता को समझते हैं और कानून मंत्री के दायित्व के रूप में मैं इतना ही बताना चाहूंगा कि जन हित याचिका मूल रूप से गरीबों व मजदूरों के अधिकार के लिए लायी गयी थी। अगर public interest litigation को governanace को monitoring करने के विकल्प के रूप में देखा जाता है, पॉलिसी के रूप में देखा जाता है, तो इस के बारे में चर्चा हो सकती है। मैंने उस सदन में भी बताया और यहां भी कहना चाहूंगा कि भारत के संविधान निर्माताओं ने स्पष्ट कहा था कि शासन वही चलाए, जिन को जनता शासन चलाने के लिए चुनती है और वे accountable हों और कानून वही बनाए, जिन्हें देश की

Q.NO. 203 (CONTD.)

जनता कानून बनाने के लिए चुनती है और वे सदन के प्रति accountable होते हैं। तो हमें यह समझना चाहिए कि governance और accountability साथ-साथ चलती है।

(समाप्त)

प्रश्न संख्या 204

श्रीमती झरना दास बैद्य : सर, माननीय रेल मंत्री जी ने मेरे question का जवाब दिया है और उन्होंने बताया है कि रेलवे सुरक्षा की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है, लेकिन उनकी आर0पी0एफ0 की क्या जिम्मेदारी है? मैं रेलवे में सफर करती हूं, लेकिन मुझे मालूम नहीं कि मंत्री जी सफर करते हैं या नहीं?

(1 वाय/एएससी पर जारी)

ASC-RSS/12.50/1Y

श्रीमती झरना दास बैद्य (क्रमागत) : वहां पर ज्यादा पुलिस तो होती नहीं है। दो पुलिस के आदमी होते हैं और वे कहीं जाकर सो जाते हैं। सुरक्षा के लिए ज्यादा पुलिस नहीं होती है और कॉक्रोच और चूहे ज्यादा होते हैं। ...(व्यवधान)...

श्री सभापति : आप सवाल पूछिए।

श्रीमती झरना दास बैद्यः वे सुरक्षा के लिए छोड़ दिए हैं।

श्री पीयूष गोयल : सभापति महोदय, यह विषय इस हाउस में पहले भी आ चुका है, मुझे लगा था कि शायद खत्म हो गया है, लेकिन शायद माननीय सांसद तब सदन में नहीं थीं। मैं बचपन से ट्रेन में सफर करता आ रहा हूं। मैं आज भी ट्रेन में सफर करता हूं और अलग-अलग कारणों से ट्रेन में जाता हूं। मैं एक स्टूडेंट की हैसियत से आठ साल सोमवार से शनिवार तक सेन्ट्रल रेलवे और वेर्स्टन रेलवे, दोनों में ट्रैवल करता था।.....(व्यवधान)....

श्री नरेश अग्रवाल : टिकट लेकर ...(व्यवधान)..

Q.NO. 204 (CONTD.)

MR. CHAIRMAN: No comments, please.

श्री पीयूष गोयल : मैं तब first class season pass लेता था। ...(व्यवधान).... मुझे यह कहने में कोई शर्मिन्दगी नहीं है। ...(व्यवधान).. एक बात तो तय है कि मुझे ट्रेन की सब जानकारी है और आज भी मिलती रहती है। हो सके तो मैं सभी माननीय सांसदों को इन्वाइट करूंगा, वे मेरे साथ ट्रेन में सफर करें और मुझे इस बात से अवगत कराएं कि इसमें और क्या कुछ सुधार की आवश्यकता है। ...(व्यवधान).... जहां तक GRP और RPF का सवाल है और जो रेल सुरक्षा और पैसेन्जर्स की सुरक्षा की prime responsibility है और जो GRP के अधिकारी हैं, crime prevention, detection and investigation वह स्टेट की GRP करती है। हमारे पास इसके अधिकार नहीं हैं कि हम RPF के पास जाकर crime दर्ज करा सकें और उसको investigate कर सकें और end तक लेकर जाकर, उनको दोषी ठहराएं व सज़ा दिलवाएं।

इसके साथ ही मैं आपको यह भी बताना चाहूंगा कि RPF लगतार GRP के साथ मिलकर काम में लगी रहती है। यह prima facie स्टेट सब्जेक्ट होने के बावजूद GRP उनको सपोर्ट करती है कि किस प्रकार से ticketless travel को रोकना है और अगर कहीं कोई चोरी होती है, तो GRP को सहयोग करके लोगों को पकड़ना होता है, तो हम पकड़ने में हर प्रकार की मदद कर सकते हैं। केस रजिस्टर करना और एक्शन लेना, यह सिर्फ स्टेट के पास है। हमारे पास इसका कोई अधिकार नहीं है।

श्री सभापतिः सेकन्ड सप्लीमेंटरी प्लीज़। कृपया समय को ध्यान में रखिए।

Q.NO. 204 (CONTD.)

श्रीमती झरना दास बैद्यः सर, मेरा पूरा सामान भी रास्ते में चोरी हो गया। मैं कहना चाहती हूं कि एक एम.पी. का सामान भी first class में चोरी हो जाता है। मैंने इसकी FIR भी दर्ज करवाई थी और टी.टी.ई. ने भी बहुत कोशिश की, लेकिन मुझे आज तक भी वह समान नहीं मिला है। मुझे कोलकाता जाकर सारा नया सामान खरीदना पड़ा।

MR. CHAIRMAN: Please put a specific question.

श्रीमती झरना दास बैद्य : इसके बाद ही मैं त्रिपुरा गई। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिनका कोई भी सामान चोरी हो जाता है, लेकिन बाद में मिलता नहीं है। आप सामान की चोरी से सुरक्षा के बारे क्या कर रहे हैं?

श्री पीयूष गोयल : माननीय सांसद जिस त्रिपुरा राज्य से आती हैं, तो आपने यहां पश्चिमी बंगाल की बात भी की है, तो आपको कोलकाता में तकलीफ हुई, तो शायद यह दर्शाता है कि वहां पर कानून-व्यवस्था कैसी है, तो इसको भी सुधारने की आवश्यकता है। ...(व्यवधान)... चाहे वह राज्य में ही है। ....(व्यवधान)....

श्री सभापतिः आप इसको सामान्य लीजिए। ....(व्यवधान)....

श्री पीयूष गोयल : जहां तक माननीय सदस्य के सामान चोरी होने का सवाल है, तो मैं उसको एक बार जरूर दिखवाऊंगा ....(व्यवधान).... जहां पर आपने पश्चिमी बंगाल में इस केस को रजिस्टर किया है....(व्यवधान).... मैं उस राज्य सरकार से कहूंगा कि इस पर तुरंत कार्रवाई की जाए तथा दोषी को पकड़ा जाए। .... (व्यवधान).... जहां तक यह सवाल है कि एक व्यक्ति का सामान चोरी हुआ है ....(व्यवधान)...

Q.NO. 204 (CONTD.)

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY: Sir, the hon. Minister is misleading... (Interruptions)....

श्री सभापति : प्लीज़, प्लीज़, आप बैठिए। ....(व्यवधान)...

SHRI T.K. RANGARAJAN: That is wrong... (Interruptions)...

MR. CHAIRMAN: Mr. T.K. Rangarajan, please sit down. (Interruptions)... आप बैठिए। ...(व्यवधान)....

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY: The Minister is misleading the House... (Interruptions)... The hon. Member is saying that her belongings were stolen in Delhi. But, the hon. Minister is saying, in Kolkata... (Interruptions)...

श्री पीयूष गोयल : हमने इस सरकार में VIP कल्चर को समाप्त कर दिया है। ...(व्यवधान).... हमारे लिए सभी इम्पॉर्टेन्ट हैं ...(व्यवधान).... चाहे सामान्य नागरिक हो या सांसद हो। ...(व्यवधान).... हम सबके साथ एक जैसी कार्रवाई करते हैं। ...(व्यवधान)....

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY: Why is he saying so?...(Interruptions)... Why?

MR. CHAIRMAN: Anything happening anywhere, it has to be taken seriously. आप बैठिए। ....(व्यवधान)... श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रम। ....(व्यवधान)...

Q.NO. 204 (CONTD.)

झरना दास बैद्य जी, आप बैठ जाइए। आप दूसरी महिला को भी सवाल पूछने का मौका दीजिए। ....(व्यवधान).....No, it will not go on record. ...(Interruptions)...

(1Z/LP पर आगे)

KGG-LP/1Z/12.55

श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रम : सभापति जी, मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहती हूं ..(व्यवधान)..

श्रीमती झरना दास बैद्य : सभापति जी..(व्यवधान)..

MR. CHAIRMAN: Now it will not go on record, please. ...(Interruptions)...

श्रीमती झरना दास बैद्य : सभापति जी... *

श्री सभापति : झरना जी, आपको थोड़ा ध्यान देना चाहिए कि सदन सभापति के द्वारा चलता है। ..(व्यवधान).. श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रम जी, बोलिए। ..(व्यवधान)..

श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रम : सभापति जी, रेल में सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा के लिए मंत्री जी ने बहुत सारे कदम उठाए हैं। मैं यह जानना चाहती हूं कि जो रेल हेल्पलाइन नं. 182 है, उस नंबर पर एक साल में कुल कितनी शिकायतें दर्ज की गई हैं और अभी तक उन पर क्या कार्यवाही की गई है? सर, मैं आपको बतलाऊँ कि मैं शिरडी से

---

* Not recorded.

Q.NO. 204 (CONTD.)

भुवनेश्वर आ रही थी, मेरा भी सामान फर्स्ट क्लास कंपार्टमेंट से चोरी हो गया था। अभी तक..(व्यवधान).. मैंने भी शिकायत दर्ज की है..(व्यवधान).. लेकिन अभी तक..(व्यवधान)..मुझे भी नहीं मिला है। ..(व्यवधान).. मुझे भी नहीं मिला है।..(व्यवधान)..

MR. CHAIRMAN: Put questions only. ...(Interruptions)... You should put question, please. You can't give a speech. यह कितना गंभीर मामला है। एम.पी. के सामान की चोरी हो रही है। यह बहुत गंभीर मामला है। आप लोग ही उसे..(व्यवधान)..

श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रम : सभापति महोदय, हम लोग फर्स्ट क्लास में सफर कर रहे हैं, यदि हम लोगों का सामान चोरी हो रहा है ..(व्यवधान)..आम आदमी का क्या होगा? ..(व्यवधान)..

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister to respond. आप बैठ जाइए। ..(व्यवधान)..

श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रम : हम लोगों का सामान चोरी हो रहा है।..(व्यवधान)..182, जो हेल्प लाइन नंबर है।..(व्यवधान)..

श्री सभापति : आप बैठ जाइए। ..(व्यवधान)..वह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रम : *

---

* Not recorded.

Q.NO. 204 (CONTD.)

श्री सभापति : मैं दूसरे प्रश्न के लिए जा रहा हूं। ..(व्यवधान)..दूसरा सप्लीमेंटरी, प्रो. राम गोपाल यादव। ..(व्यवधान)..सिम्पल बात है कि जो चेयर की बात नहीं सुनते हैं, उनका मौका वहीं समाप्त हो जाता है।

प्रो.राम गोपाल यादव : सभापति जी, यह बहुत गंभीर क्राइम हो रहा है। जब दिल्ली से कानपुर के बीच में ट्रेन चलती है, तो ऑर्गनाइज्ड गैंग्ज़ हैं, जो ज़हरखुरानी का काम करते हैं। वे एक तरह से दिल्ली स्टेशन पर रेकी कर लेते हैं कि नौकरी वाला कौन-सा व्यक्ति छुट्टी पर जा रहा है। जैसे आर्मी का व्यक्ति है या और कोई व्यक्ति है, उसके पास पैसा होता है। वे किसी न किसी तरीके से उससे घुल-मिलकर या जो अनऑथराइज्ड वेंडर्स चल रहे हैं, जिन पर आप रोक नहीं लगा पा रहे हैं, वे उनसे सामान लेकर, उसमें कुछ लगा देते हैं। वह चाहे बिस्कुट हो, या कुछ और चीज़ हो, जिसको वह व्यक्ति खा लेता और बेहोश हो जाता है। जब वह बेहोश जाता है, तो वे उसका सारा सामान उठाकर ले जाते हैं। इस पर कोई प्रभावी कार्यवाही करने का - आप यह मत कहिए कि यह राज्य सरकार का मामला है, यह उत्तर प्रदेश का मामला है, दिल्ली का मामला है या यहाँ का मामला है। आपने अभी जो बहुत लाइटली जवाब दिए..(व्यवधान)..

श्री सभापति : बहुत गंभीर विषय है। ..(व्यवधान)..

प्रो. राम गोपाल यादव : यह बहुत गंभीर मामला है। आर्मी से लोग छुट्टी पर जाते हैं, उन लोगों की सारी कमाई चली जाती है, मगर ज़हरखुरानी पर रोक नहीं लग पा रही है। सबसे बड़ा दिल्ली से लेकर कानपुर..(व्यवधान)..

Q.NO. 204 (CONTD.)

श्री सभापति : रेल मंत्री जी..(व्यवधान)..समय का ध्यान ..(व्यवधान)..

श्री पीयूष गोयल : सभापति जी, मैं माननीय सदस्य को आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि मैं इसे जरा-सा भी लाइटली नहीं लेता हूं। हरेक क्राइम पर पूरी रेल व्यवस्था लगती है। स्टेट की जिम्मेदारी होने के बावजूद आरपीएफ पूरे ज़ोर से इस काम पर लगती है। आपने जो ड्रगिंग के बारे में कहा, ड्रग्स खिलाने का जो कहा है, इसकी जानकारी की जो रिपोर्ट हुई है, इसके जवाब में भी बता दिया गया है कि साल में, नॉर्दन रेलवे में 19 ऐसे ड्रगिंग के इंसिडेंट्स हुए हैं, नार्थ-सेंट्रल में 10 और नॉर्थ-ईस्टर्न में 23 इंसिडेंट्स हुए हैं, जो दिल्ली से कनेक्टेड हैं। साल में इतने इंसिडेंट्स हुए हैं। यह तो आप भी समझते हैं कि इसके लिए कोई प्रिवेंटिव मेज़र्स हो नहीं सकते हैं। हर पैसेंजर का - आजकल एक नया ट्रेंड आया है लोग टिकट खरीदकर, ऐज ए पैसेंजर ट्रेन में बोर्ड करते हैं। उसके बाद हम एक-एक यात्री की चेकिंग नहीं कर सकते हैं कि रात को क्या हो रहा है, क्या नहीं हो रहा है। स्वाभाविक है कि देश में बहुत सारे कानून हैं, बहुत सारी कानूनी व्यवस्था भी है, लेकिन इसके बावजूद भी कुछ केसेज़ होंगे। हमारा यह लगातार प्रयास रहता है किइस प्रकार के ऑर्गनाइज्ड गैंग्ज़ की जानकारियाँ लेकर उन पर तुरंत एक्शन हो। यदि किसी माननीय सांसद के पास कोई जानकारी हो कि इस प्रकार के गैंग्ज़ कहाँ ऑपरेट होते हैं, तो कृपया हमें उससे अवश्य अवगत कराएं।

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: Sir, the theft on trains is an organized crime. Certain loots are bartered. There is no disclaimer on the trains to say

Q.NO. 204 (CONTD.)

that when the train enters a particular State, the Centre is not going to be responsible. It is the reputation of the Indian Railways. There are modern technologies; the police network knows exactly where the stolen goods go. Does the Minister interact with the State Governments, talk to them, incentivize crime-free routes and ensure that railway stations have a quick response system to the crimes committed?

SHRI PIYUSH GOYAL: Sir, a very good point is raised by the hon. Member. While, of course, there is a continuous interaction, GRP is the State police. Having said that, what we are now planning to do is to set up nearly two million CCTV cameras which will cover passenger trains, all railway stations, all railway offices, colonies; we are trying to bring the entire rail network into a CCTV surveillance network. The feed of that will be given to the local police station. ...(Interruptions)... (Followed by KLS/2A)

KLS/2A-1.00

SHRI PIYUSH GOYAL (CONTD): On trains we are planning CCTV cameras stream which will go to guard and... ...(Interruptions)...

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over and the train has already moved.

(Ends)